<table>
<tr>
<td>तारीख हुक्म</td>
<td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

महिपाल सिंह

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353808687821351</td>
<td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td>
</tr>
<tr>
<td>02/06/26</td>
<td>अपीलार्थी महिपाल सिंह निवासी 436 बी. कालवी प्याउ, मोहन नगर बी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) द्वारा सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 12.04.2026 ग्राम झीपसानी जोधपुर के खसरा संख्या 191 वंशावली के अनुसार मालम सिंह के जमीन हिस्सेदारी संबंधित सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध करवाने व अन्य विविध बिन्दूओं की सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।

अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(आलोक रंजन)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td>
<td></td>
</tr>
</table>

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.02 21:37:01 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22594198
M e-Sign